# CENTRE OF EXCELLENCE

## GOVERNMENT COLLEGE SANJAULI,

## SHIMLA-06

**NSS**

**{NATIONAL SERVICE SCHEME}**

*A REPORT ON*

# NATIONAL YOUTH PARLIAMENT FESTIVAL

**Mr. Harsh Thakur**

*FROM 8TH MARCH – 12TH MARCH 2022*

*{SESSION 2021-22}*

दिनांक :- 13-03-2022

राष्ट्रीय युवा सांसद महोत्सव में दिल्ली के संसद भवन में उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली एनएसएस इकाई के स्वयंसेवी हर्ष ठाकुर ने प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया|



उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली के एनएसएस स्वयंसेवी हर्ष ठाकुर का राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव के लिए चयन हुआ ॥

इसके लिए राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता 24 फरवरी को ऑनलाइन माध्यम से करवाई गई ,

इस प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयनित कुल 6048 विद्यार्थियों ने भाग लिया था जिसमें हर्ष ठाकुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है ॥

इसके साथ ही पूरे देश में राष्ट्रीय संसद प्रतियोगिता में 287000 प्रतिभागियों ने भाग लिया था जिससे केवल 87 प्रतिभागियों का चयन राष्ट्रीय युवा संसद

में    के लिए हुआ|



भारत सरकार
Government of India
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
Ministry of Youth Affairs & Sports

सत्यमेव जयते

National Youth Parliament Festival 2022

सहभागिता प्रमाण–पत्र / Participation Certificate

प्रमाणित किया जाता है कि श्री हर्ष ठाकुर, पुत्र श्री हरजीत सिंह निवासी मंडी ने युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 10.3.2022 से 11.3.2022 तक आयोजित

राष्ट्रीय युवा संसद

में हिमाचल प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व किया।

Certified that Shri Harsh Thakur, Son of Shri Harjeet Singh resident of Mandi represented Himachal Pradesh in

**National Youth Parliament**

organized by the Ministry of Youth Affairs & Sports, Government of India from 10.3.2022 to 11.3.2022

Secretary (Youth Affairs) | Joint Secretary (Youth Affairs) | Director (NSS)



इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को संसद भवन दिल्ली में होने वाले तीसरे राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा जिसमें हर्ष ठाकुर भी एक हैं॥



संसद भवन में हर्ष ठाकुर ने माननीय युवा एवं खेल विभाग मंत्री श्री अनुराग ठाकुर जी से मुलाकात की इसके साथ-साथ लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी से भी मुलाकात हुई तथा भारत के कई सांसदों के साथ मुलाकात हुई|



इससे पहले भी हर्ष ठाकुर कई भाषण प्रतियोगिताओं में विजेता रह चुके हैं॥

हर्ष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों व माता-पिता को दिया है॥

उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ विकास नाथन जी व डॉ मीनाक्षी शर्मा जी ने हर्ष को बधाई

दी व कहा कि हर्ष ने अपने साथ-साथ महाविद्यालय का नाम भी रोशन किया है॥

महाविद्यालय संजौली के प्रधानाचार्य डॉ चंद्रभान मेहता जी ने हर्ष को इसी तरह आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी॥



साथ ही साथ हर्ष ठाकुर को राष्ट्रीय युवा सांसद महोत्सव की बधाइयां देने व संसद का अनुभव जानने के लिए जिला मंडी के आईएएस अधिकारी द्वारा आमंत्रित किया गया था आईएएस अधिकारी जतिन लाल ने हर्ष ठाकुर को शुभकामनाएं दी व भविष्य में आगे बढ़ने और लक्ष्य प्राप्ति के लिए मार्गदर्शन किया

## आईएएस अधिकारी ने संजौली कालेज के वालंटियर हर्ष से की चर्चा

स्टाफ रिपोर्टर-शिमला

उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली के एनएसएस वालंटियर व स्वर्ण भूमि युवक मंडल बगशाड़ के सोशल मीडिया प्रभारी हर्ष ठाकुर को आईएएस जतिन लाल (एडीसी मंडी) द्वारा राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव-2022 के अपने अनुभव पर चर्चा के लिए आमंत्रित कर अनुभव सांझा किए। राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव में चयन के लिए पूरे भारत से 2,87,000 और हिमाचल से 6,048 छात्रों ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया था। भारत के सभी राज्यों से कुल 87 छात्रों का राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव के लिए चयन हुआ, जिसमें हर्ष ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में द्वितीय स्थान हासिल किया था। हर्ष ठाकुर ने मिशन ज्ञानोदय के साथ-साथ उनके द्वारा युवक मंडल और अन्य सामाजिक संगठनों के साथ किए गए सामाजिक कार्यों के बारे में भी चर्चा की। आईएएस जतिन लाल ने हर्ष को अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन दिया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। संजौली महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डाक्टर चंद्रभान मेहता, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डाक्टर कामायनी वशिष्ट और डाक्टर विकास नाथन तथा स्वर्ण भूमि युवक मंडल बगशाड़ के प्रधान कमल ठाकुर ने हर्ष को जीवन में निरंतर सफलता का शुभाशीष दिया।






Reported by-Harsh Thakur